Title: Need to open Medical and Engineering colleges in Hazaribagh district, Jharkhand-Laid.

**श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) :** अध्यक्ष महोदय, झारखंड के उत्तरी छोटा नागपुर का मुख्यालय हजारीबाग जिला 'अबरख' के लिए विश्वविख्यात था। देश को झारखंड से कोयला सबसे अधिक प्राप्त होता है। दामोदर घाटी निगम की 8 में से 6 परियोजना उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में है। यहां से केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों को अरबों रूपये की आमदनी होती है।

अध्यक्ष महोदय, आजादी के 57 वर्ो के बाद भी इस प्रमंडल के मुख्यालय में एक भी मेडिकल, इंजीनियरिंग कालेज नहीं है। डिप्लोमा तक की पढ़ाई के लिए भी कोई संस्थान नहीं है। उच्च स्तर की शिक्षा के अभाव में जिले के हजारों विद्यार्थियों को, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। हमारे जिले के मेधावी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि हजारीबाग प्रमंडल मुख्यालय में शीघ्र मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा कॉलेज खोलने हेतु विचार करें।